<u>**प्रेस विज्ञप्ति**</u>

गोविन्द बल्लभ पन्त कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
<u>पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)</u>

<u>विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित</u>

पन्तनगर। 1 मई, 2024। विश्वविद्यालय में सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के संसाधन प्रबंधन विभाग में अध्यनरत एस आर पी स्टूडेंट के द्वारा आज अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस/मई दिवस के उपलक्ष्य में श्रमिक वर्ग के संघर्ष के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का संयोजन डा. छाया शुक्ला के मार्गदर्शन में किया गया जिसमें राष्ट्र निर्माण में अपना बहुमूल्य योगदान देने वाले श्रमिक वर्ग के प्रति उपस्थित समुदाय ने अपनी कृतज्ञता ज्ञापित की। प्रतिवर्ष 1 मई का दिन भारत सहित विश्व के कई देशों में मजदूर दिवस या मई दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिन दुनिया भर के मजदूरों और श्रमिक वर्ग के व्यक्तियों को समर्पित है। राष्ट्र निर्माण में ऐसा कोई निर्माण नहीं जिसमें मजदूर वर्ग के श्रम का योगदान ना हो। किसी भी राष्ट्र का निर्माण प्रगति एवं उन्नति श्रमिक वर्ग की सहभागिता के बिना संभव नहीं है मजदूर दिवस का उद्देश्य श्रमिक वर्ग के सम्मान के साथ–साथ उनकी एकता को मजबूत बनाना और उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करना भी है। यह आयोजन स्टूडेंट रेडी प्रोग्राम के विद्यार्थियों द्वारा की गई एक अभिनव पहल है जिसके माध्यम से उन्होंने समाज के सभी वर्गों को श्रमिक वर्ग के प्रति संवेदनशील बनने का एक संदेश दिया है, साथ ही अपने जीवन की सफलता में भी श्रमिक वर्ग के योगदान को अत्यंत महत्वपूर्ण मानते हुए उनके प्रति धन्यवाद ज्ञापन किया है। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय में कार्यरत समस्त श्रमिक वर्ग के साथ–साथ सरस्वती शिशु मंदिर, बालनिलयम शिशु मंदिर जूनियर हाईस्कूल एवं कैंपस स्कूल के श्रमिकों सहित 15 लोगों ने प्रतिभाग किया। इस वर्ष श्रमिक दिवस की मुख्य विषय–वस्तु जलवायु परिवर्तन के बीच कार्यस्थल सुरक्षा और स्वास्थ्य सुनिश्चित करना। श्रमिकों की स्वास्थ्य जांच कराया गया जिसमें उनका बीएमआई और बीपी नापा गया। सभी को स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी दी गई। महाविद्यालय के स्टाफ द्वारा एक वीडियो के माध्यम से श्रमिकों को धन्यवाद और उनकी प्रशंसा करी गई। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डा. सीमा क्वात्रा, डा. दिव्या सिंह, डा. संध्या रानी, श्री टी.ए. खस्तगीर, डा. अनुपमा पाण्डे, डा. सोनू रानी, श्री सर्वेश राय, श्री नीरज, डा. पूनम आदि उपस्थित रहे। विद्य ार्थियों की इस अनूठी पहल एवं प्रयास की उपस्थित जन समुदाय एवं श्रमिक वर्ग ने बहुत सराहना की।

1: स्वास्थ्य की जांच कराते हुए।